web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, गुरुवार 09 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 44

# सुरक्षाबलों के 48 जवानों की हत्या में शामिल नक्सली कमांडर नवीन ने किया सरेंडर

## सरकार ने घोषित किया था 15 लाख का इनाम

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड-बिहार में नक्सली पुलिस और सुरक्षाबलों के 48 जवानों की हत्या में शामिल और प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के टॉप कमांडरों में शामिल 15 लाख का इनामी नवीन यादव ने आज सरेंडर कर दिया। उसने झारखंड के चतरा जिले के डीसी अबु इमरान, एसपी राकेश रंजन और सीआरपीएफ 190 बटालियन के कमांडेंट मनोज कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण किया।



सरकार की पॉलिसी के अनुसार, बुके देकर उसका मुख्यधारा में स्वागत किया गया और उसे हजारीबाग के ओपन जेल में शिफ्ट किया जाएगा। वह हत्या, आगजनी, लूट, अवैध हथियार रखने समेत 72 मामलों में वांटेड था। उसके खिलाफ झारखंड के चतरा में 16, लातेहार में 16, गढ़वा में 7, पलामू में 2, बिहार के गया में 6 और छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिला में 4 मामले दर्ज हैं।

वर्ष 2011 में चतरा के तत्कालीन सांसद इंदर सिंह नामधारी के काफिले पर हमले में आठ जवानों की शहादत, इसी वर्ष गढ़वा के भंडरिया में नक्सली हमले में 13 जवानों की मौत और वर्ष 2016 में बिहार के औरंगाबाद-गया बॉर्डर पर नक्सलियों के हमले में कोबरा बटालियन में 10 जवानों की शहादत की घटनाओं में नवीन शामिल रहा है।

नक्सली संगठन में उसका ओहदा रीजनल कमांडर का था और झारखंड-बिहार सहित कई राज्यों की पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। उसके आत्मसमर्पण को झारखंड पुलिस की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है।

नवीन झारखंड के नक्सलियों के अभेद्य दुर्ग माने जाने वाले बूढ़ा पहाड़ से पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा आदि जिलों में बंदूक के जोर पर आतंक की हुकूमत चलाता था। नवीन को नक्सली संगठन में सरबजीत यादव और विजय यादव के नाम से भी जाना जाता था। उसने कारोबारियों-ठेकेदारों से करोड़ों की लेवी (रंगदारी) की उगाही की है। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई थी कि उसने लेवी की रकम से पलामू के रेड़मा में 18.5 एकड़ और चतरा के प्रतापपुर में करीब 13 एकड़ जमीन खरीदी थी। झारखंड के चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बसबुटा गांव का निवासी नवीन वर्ष 2000 में नक्सली संगठन में शामिल हुआ था। इसके बाद से ही वह पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था।

# नीचे से गुजर रही थी ट्रेन, ऊपर पुल से आ गिरी एसयूवी , तीन लोगों की दर्दनाक मौत

**रायगढ़ (आरएनएस)।** एक अजीब दुर्घटना में रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के एक कार्यकर्ता और उनके दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। उनकी एसयूवी एक पुल से नीचे गिर गई और चलती मालगाड़ी से टकरा गई। पुलिस ने यहां बुधवार को यह जानकारी दी।



पेशे से पत्रकार 40 वर्षीय आरपीआई कार्यकर्ता धर्मानंद गायकवाड़ और उनके रिश्तेदार 48 वर्षीय नितिन जाधव और 46 वर्षीय मंगेश जाधव को ले जा रहा एसयूवी तडक़े चार बजे के आसपास मुंबई-पनवेल रोड पर नेरल शहर की ओर जाते समय दुर्घटना का शिकार हो गया।

एक अधिकारी ने कहा कि रास्ते मे एसयूवी का संतुलन बिगड़ गया और पुल के बैरिकेड को तोड़ते हुये वह नीचे जा गिरा। नीचे पनवेल-कर्जत स्टेशनों के बीच सिंगल-लाइन पर मालगाड़ी गुजर रही थी। एसयूवी उसके ऊपर गिरा। एसयूवी के गिरने से दो डिब्बों के बीच की कपलिंग टूट गई और वह रेलवे ट्रैक से जा टकराया।

त्रासदी के बाद, पनवेल-कर्जत खंड पर मध्य रेलवे सेवाएं लगभग चार घंटे के लिए निलंबित कर दी गईं, और कम से कम एक लंबी दूरी की ट्रेन का मार्ग बदलना पड़ा। इस बीच आरपीआई (ए) अध्यक्ष और केंद्रीय सामाजिक न्याय राज्य मंत्री रामदास अठावले ने अपनी पार्टी के सहयोगियों के निधन पर शोक व्यक्त किया और त्रासदी की जांच की मांग की।

## महत्वपूर्ण एवं खास

एनआईए का एक्शन

### एक साथ 15 स्थानों पर छापा; अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को पकड़ा

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को छापेमारी के दौरान बेंगलुरु में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशियों को हिरासत में लिया। सूत्रों ने बताया कि एनआईए की टीमों ने राज्य की राजधानी में सोलादेवनहल्ली, के.आर. पुरम तथा बेलंदूर, और इसके बाहरी इलाके समेत 15 स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों को कम से कम आठ बांग्लादेशी मिले जो सीमा पार से घुसपैठ कर लंबे समय से देश में रह रहे थे। इस संबंध में अभी आधिकारिक बयान आना बाकी है। और अधिक जानकारी सामने आनी बाकी है। छापेमारी सुबह-सुबह की गई। देश में मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़े अभियान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 10 राज्यों में तलाशी ली।

### मानव तस्करी मामले में एनआईए ने 10 राज्यों में ली तलाशी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में मानव तस्करी के खिलाफ एक बड़े अभियान में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने बुधवार को 10 राज्यों में तलाशी ली। जांच एजेंसी ने कहा, आतंकवाद विरोधी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एजेंसी की कई टीमों ने मानव तस्करी के मामलों के सिलसिले में त्रिपुरा, असम, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, हरियाणा, पुडुचेरी, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर राज्यों में तलाशी ली। तलाशी आज अल सुबह शुरू हुई। मामले में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

### दक्षिणी म्यांमार में बम विस्फोट, चार की मौत, छह घायल

**यांगून ।** दक्षिणी म्यांमार के बागो क्षेत्र में एक खेत में गिराए गए बम की चपेट में आने के कारण चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह हमला पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) द्वारा स्थानीय समय अपराह्न में करीब 2.15 बजे बागो क्षेत्र के वाव टाउनशिप में तनावक्युन गांव के पास सिताउंग नदी के तट पर एक मैदान में किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि मृतकों में चार पुरुष शामिल हैं, जबकि घायलों में पांच पुरुष और एक महिला शामिल है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घायलों को वॉ टाउनशिप स्टेशन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुरक्षा कर्मी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठा रहे हैं।

### ममता बनर्जी के भतीजे की मुश्किलें बढ़ी, ईडी ने भेजा समन; 9 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने उन्हें समन भेजकर पूछताछ के लिए बुलाया है। उनसे 9 नवंबर को पूछताछ की जाएगी। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी इस पूछताछ में शामिल होंगे। हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल सकता है कि उन्हें किस मामले में समन भेजा गया है। बता दें कि इससे पहले भी अभिषेक बनर्जी को ईडी ने नोटिस भेजा था। बीते तीन अक्टूबर को स्कूल भर्ती घोटाले में पूछताछ के लिए तलब किया गया था।

# नहर में कार गिरने से एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत, मृतकों में एक बच्चा भी शामिल

**मांड्या (आरएनएस)।** कर्नाटक के मांड्या से एक बहुत ही दुख भरी खबर सामने आ रही है। जहां मांड्या में विश्वेश्वरैया नहर में कार गिरने से एक बच्चे समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मांड्या पुलिस ने जानकारी दी कि पुलिस को सूचना मिलने के बाद बचाव अभियान शुरू किया गया।



मांड्या के उप प्रभागीय अधिकारी नंदीश ने बताया कि,हमें मिली जानकारी के अनुसार, वे मैसूर में एक कार्यक्रम में शामिल हुए थे। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। हमने उनके परिवार वालों को सूचित कर दिया है। हमारी जानकारी के अनुसार वे सभी रिश्तेदार हैं।

पुलिस ने बताया, सभी पीड़ित कर्नाटक के तुमकुरु जिले के तिप्तूर के रहने वाले थे। वे तुमकुरु के टिपतुर में गुंगरहल्ली के रहने वाले थे, लेकिन सभी भद्रावती में रह रहे थे। पीड़ितों की पहचान चंद्रप्पा, कृष्णप्पा, धनंजय, बाबू और जयन्ना के रूप में की गई।

# दिल्ली में समय से पहले ही विंटर ब्रेक घोषित, 18 नवंबर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। दिल्ली में स्कूल अब 20 नवंबर को खुलेंगे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने 'विंटर ब्रेक' यानी सर्दियों की छुट्टी घोषित करने का निर्णय लिया है।

शिक्षा निदेशालय के मुताबिक 9 से 18 नवंबर तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश रहेगा। राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण की लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए सरकार ने समय से पहले सर्दी की छुट्टी घोषित करने का निर्देश दिया है। अमूमन ये छुट्टियां दिसंबर-जनवरी में तेज ठंड पडऩे के दौरान दी जाती हैं, लेकिन दिल्ली में प्रदूषण की मौजूदा स्थिति को देखते हुए पूर्व निर्धारित दिसंबर-जनवरी के विंटर ब्रेक को अभी से घोषित कर दिए गए हैं।

इससे पहले दिल्ली में प्राइमरी स्कूलों को 10 नवंबर तक बंद करने का फैसला लिया गया था। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े बताते हैं कि बुधवार सुबह दिल्ली के आनंद विहार में एयर क्वालिटी इंडेक्स यानी एक्यूआई 452 था। आरके पुरम में यह 433 ओखला में 426, पंजाबी बाग में 460, श्री अरबिंदो मार्ग में 382, शादीपुर में 413 और आईटीओ में 413 के स्तर पर है।

प्रदूषण की इस गंभीर स्थिति को देखते हुए दिल्ली सरकार ने संबंधित विभागों की उच्च स्तरीय बैठक भी बुलाई है। इस बीच टेक्निकल और ऑपरेशनल स्टाफ की एक टीम कनॉट प्लेस स्थित 'स्मॉग टावर' पहुंची हैं। स्मॉग टावर वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए चालू किए जा चुके हैं। मौसम विभाग का मानना है कि दिल्ली में 10 नवंबर को हल्की बूंदा-बांदी हो सकती है। हालांकि फिलहाल इससे भी बहुत अधिक राहत मिलने की उम्मीद नहीं है।

मौसम विभाग के मुताबिक 13 नवंबर तक दिल्ली में सुबह धुंध छाई रह सकती है। विशेषज्ञ दिल्ली में प्रदूषण के लिए वाहनों को एक बड़ा कारण मान रहे हैं। अगले सप्ताह से वाहनों के लिए दिल्ली में ऑड इवन व्यवस्था लागू करने का निर्णय भी लिया गया है।

विशेषज्ञों का मानना है कि स्कूली छात्रों को वायु प्रदूषण से बचाने के साथ-साथ ऑड इवन समस्या से छात्र प्रभावित न हो इसलिए भी ऐसी स्थिति में स्कूल बंद करने का निर्णय सही है। वाहनों के ऑड ईवन व्यवस्था के दौरान 9 से 18 नवंबर तक सभी स्कूलों में छुट्टी रहेगी। 19 नवंबर को रविवार होने के कारण स्कूल बंद रहेंगे।

इससे पहले 5 नवंबर को सरकार ने 5वीं तक के स्कूल 10 नवंबर तक बंद रखने का निर्णय लिया था। हालांकि छठी से 12वीं तक के स्कूलों को कोई आदेश नहीं मिला था। उन्हें ऑनलाइन क्लासेज का विकल्प दिया गया था। 12 नवंबर को दिवाली है। इस दौरान दिल्ली में प्रदूषण का स्तर और अधिक बढऩे की संभावना है। गौरतलब है कि दिल्ली के स्कूलों में विंटर ब्रेक की छुट्टियां दिसंबर-जनवरी के महीने में होती हैं, लेकिन प्रदूषण के चलते इस बार सरकार ने काफी पहले सर्दी की छुट्टियां घोषित कर दी हैं।

# गाजा में हर रोज औसतन 160 बच्चे मर रहे हैं : डब्ल्यूएचओ

**जिनेवा ।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा कि 7 अक्टूबर को भडक़े इजराइल-हमास संघर्ष में 10 हजार से अधिक लोग, यानी कुल आबादी का लगभग 0.5 प्रतिशत, मारे गये हैं। अनुमान है कि औसतन 160 बच्चे हर दिन मर रहे हैं।

अब तक 16 स्वास्थ्य कर्मी ड्यूटी पर मारे गए हैं और डब्ल्यूएचओ गाजा में स्वास्थ्य कर्मियों का समर्थन करने के लिए काम कर रहा है और एक बार फिर उनकी सुरक्षा की गुहार लगा रहा है।

लिंडमियर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के खिलाफ गाजा में 102 हमले, पश्चिमी तट में 121 और इजऱाइल में 25 हमले दर्ज किए गए हैं।

उन्होंने कहा, फिलहाल ईंधन की कमी या क्षति के कारण गाजा में 14 अस्पताल काम नहीं कर रहे हैं।

यह देखते हुए कि हमास द्वारा इजऱाइल के खिलाफ युद्ध छेड़े हुए एक महीना हो गया, डब्ल्यूएचओ अधिकारी ने कहा कि यहूदी राष्ट्र में लोग 200 से अधिक बंधकों के बारे में भयभीत और चिंतित हैं। उन्होंने सभी बंधकों की तत्काल रिहाई के लिए आह्वान दोहराया, जिनमें से कई को तत्काल चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है।



उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में कुछ डॉक्टर बिना एनेस्थीसिया के ऑपरेशन कर रहे हैं।

लिंडमीयर ने कहा, गाजा में नागरिकों द्वारा सहे जा रहे आतंक को किसी भी तरह से उचित नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने जीवित रहने के लिए पानी, ईंधन, भोजन और स्वास्थ्य देखभाल की सुरक्षित पहुंच की सख्त आवश्यकता पर जोर दिया।

डब्ल्यूएचओ के प्रवक्ता ने प्रतिदिन लगभग 500 ट्रकों की सहायता के लिए निर्बाध, सुरक्षित और संरक्षित पहुंच के लिए संयुक्त राष्ट्र के आह्वान को दोहराया।

उन्होंने कहा कि मृत्यु और पीड़ा का स्तर समझना कठिन है।

गाजा स्थित फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, संघर्ष की शुरुआत से लेकर अब तक मरने वालों की संख्या बुधवार सुबह तक 10,328 थी, जबकि 24,408 लोग घायल हुए थे।

मंत्रालय ने कहा कि कुल मौतों में से 67 प्रतिशत बच्चे और महिलाएं हैं, मंत्रालय ने कहा कि 1,350 बच्चों सहित लगभग 2,450 लोग लापता बताए गए हैं। आशंका है कि वे मलबे के नीचे फंसे या मृत हो सकते हैं।

अधिकारियों के अनुसार, कुल मिलाकर, यहूदी राष्ट्र में लगभग 1,400 इजरायली और विदेशी नागरिक मारे गए हैं।

इनमें से 1,159 मृतकों के नाम जारी कर दिए गए हैं, जिनमें 828 आम नागरिक भी शामिल हैं। आधिकारिक इजऱायली सूत्रों ने पुष्टि की है कि गाजा में 30 इजऱायली सैनिक भी मारे गये हैं। गाजा में करीब 240 लोगों को बंदी बनाकर रखा गया है। इनमें इजरायली और विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि बंधकों में से लगभग 30 बच्चे हैं। अब तक, हमास द्वारा चार नागरिक बंधकों को रिहा कर दिया गया है, और एक महिला इजरायली सैनिक को इजरायली बलों ने बचाया है। हमास ने दावा किया है कि इजरायली हवाई हमलों में 57 बंधकों की मौत हो गई।

# केरल में हाथी ने महावत को पटक-पटक कर मार डाला

**कोच्चि (आरएनएस)।** यहां के गुरुवयूर स्थित प्रसिद्ध श्री कृष्ण मंदिर के एक महावत को बुधवार को हाथी ने कुचलकर मार डाला।



महावत रथीश, मंदिर परिसर के अंदर दोपहर के समय चंद्रशेखरन नामक हाथी को खाना खिलाने में लगा हुआ था।

हाथियों की देखरेख करने वाले अधिकारियों के अनुसार, चंद्रशेखरन (जिसका केवल एक दांत है) एक समस्याग्रस्त हाथी है। वह पिछले 26 वर्षों से उसी स्थान पर रह रहा है, जहां मंदिर के हाथियों को रखा जाता है।

अधिकारियों ने कहा कि उस हाथी का व्यवहार ठीक था, इसलिए उसे कार्यक्रमों के लिए गुरुवायूर मंदिर परिसर में लाया गया।

दोपहर में रथीश पानी पिलाते समय हाथी के करीब चला गया। हाथी ने एक झटके में रथीश को सूंड से पकड़ लिया और जमीन पर पटक दिया और उस पर अपने दांत से हमला किया। बुरी तरह घायल रथीश को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

# गाजा में संघर्ष में मारे गए संरा के 89 कर्मचारी

**जिनेवा ।** हमास-इजरायल के बीच जारी संघर्ष में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) 89 सहायता कर्मी मारे गए हैं, जो इतिहास में किसी संघर्ष में मारे गए संरा कर्मचारियों की सबसे अधिक संख्या है। फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संरा एवं कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) ने यह जानकारी दी। यूएनआरडब्ल्यूए ने हमास और इजरायल के बीच जारी संघर्ष को लेकर अपनी ताजा रिपोर्ट में कहा कि सात अक्टूबर से गाजा पट्टी में लगभग 10.50 लाख लोग विस्थापित हुए हैं, लगभग 7,25,000 लोग गाजा के सभी पांच गवर्नरेट में 149 यूएनआरडब्ल्यूए प्रतिष्ठानों में शरण ले रहे हैं।संरा की रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले 24 घंटों में गाजा के उत्तर में स्थित यूएनआरडब्ल्यूए का एक विद्यालय हमलों की चपेट में आ गया, जिसके परिणामस्वरूप विद्यालय में शरण लिए हुए आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों (आईडीपी) में से एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ घायल हो गए।मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संरा कार्यालय के अनुसार, गाजा में संरा सुविधाओं में भीड़भाड़ अब बड़ी चिंता बनी हुई है। खान यूनिस प्रशिक्षण केंद्र में, जहां 22,000 विस्थापित लोगों ने आश्रय ले रहे हैं। यहां प्रति व्यक्ति जगह दो वर्ग मीटर से भी कम है और प्रत्येक 600 लोगों के लिए एक शौचालय है।



# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए भगवान बद्री विशाल के दर्शन

**देहरादून (आरएनएस)।** मा.राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को उत्तराखंड स्थित भू-बैकुंठ धाम पहुंचकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। मंदिर में करीब 25 मिनट तक पूजा करते हुए राष्ट्रपति ने देश की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बदरीनाथ धाम आगमन पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपति की अगवानी की। मा.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की बीच भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बुधवार को सुबह 10:20 बजे बद्रीनाथ आर्मी हेलीपैड पहुंचे। हेलीपैड पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, अन्य जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना एवं पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां से राष्ट्रपति काफिले के साथ मंदिर पहुंची और मंदिर में बद्री विशाल की वेद पाठ एवं विशेष पूजा की।



बद्रीनाथ के मुख्य पुजारी रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी एवं तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न की। मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, उपाध्यक्ष किशोर पंवार एवं अन्य पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति को बद्री विशाल का प्रसाद एवं अंग वस्त्र भेंट किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर परिसर में राष्ट्रपति को भोजपत्र पर बनी बद्रीनाथ मंदिर की प्रतिकृति, आरती और स्थानीय उत्पादों की टोकरी भेंट की। भू-बैकुंठ धाम की अलौकिक सुंदरता देख राष्ट्रपति अभिभूत दिखे। मंदिर से निकलते समय उन्होंने हाथ हिलाकर बद्रीनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालुओं का अभिवादन भी किया। मंदिर में पूजा दर्शन के बाद राष्ट्रपति बद्रीनाथ से श्रीनगर के लिए प्रस्थान किया।

राष्ट्रपति के दौरे को लेकर प्रशासन द्वारा धाम में सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए थे। साथ ही कन्टीजेन्सी प्लान के तहत गौचर में भी सभी व्यवस्थाएं की गई थी।

मा.राष्ट्रपति के बद्रीनाथ भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, सीडीओ एलएन मिश्र, एडीएम डॉ.अभिषेक त्रिपाठी, सयुंक्त मजिस्ट्रेट डा.दीपक सैनी, एसडीएम कुमकुम जोशी, मुख्य कार्याधिकारी योगेन्द्र सिंह, धर्माधिकारी राधाकृष्ण थपलियाल, मीडिया प्रभारी डा.हरीश गौड़, बीकेटीसी के सदस्यगण सहित विभिन्न व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारी मौजूद थे।